मीडिया समन्वय कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 14 मार्च 2017

शिक्षा में सहयोग के क्षेत्र तलाशने के लिए बांग्लादेश के राजशाही विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल आया जेएमआई

शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशने के लिए बांग्लादेश के राजशाही विश्वविद्यालय :आर यू: का एक प्रतिनिधिमंडल जामिया मिल्लिया इस्लामिया :जेएमआई: की चार दिवसीय यात्रा पर आज यहां आया। यह आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अध्यापकों और छात्रों के आदान प्रदान, संयुक्त सम्मेलन, प्रशिक्षण एवं अध्ययन कार्यक्रमों जैसे क्षेत्रों में दोनों विश्वविद्यालय के बीच संभावनाओं को तलाशेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जून 2015 की ढाका यात्रा के दौरान इन दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए सहमति पत्र के आधार पर यह प्रतिनिधिमंडल जेएमआई आया है।

जेएमआई के कुलपति प्रो तलत अहमद ने बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच हुए सहमति पत्र के आधार पर शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के क्षेत्रों में आदान प्रदान के प्रति जामिया मिल्लिया इस्लामिया प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच अकादमिक सहयोग बढ़ेगा जो भविष्य में दोनों देशों के लिए लाभकारी होगा।

इस यात्रा को संभव बनाने के लिए आर यू के कुलपति प्रो मुहम्मद मिज़ानुद्दीन ने प्रो अहमद का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के इन विख्यात विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे दोनों विश्वविद्यालयों के छात्रों का फ़ायदा होगा।

जेएमआई मीडिया कोऑर्डिनेटर कार्यालय

font: Kruti Dev 010